## एक नजर में

### नावदा में मनाई संत रविदास जी की जयंती



**देवास।** ग्राम नावदा में निर्माणाधीन मंदिर में रविदास सूर्यवंशी सेवा समाज के अध्यक्ष नगजीराम सूर्यवंशी के नेतृत्व में संत रविदास जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सरपंच प्रतिनिधि मुकेश पटेल ने संत श्री की आरती की। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर महाप्रसादी का लाभ लिया। कार्यक्रम में अंतरसिंह जोगचंद, कुंवरजी, सजन बामनिया, जितेन्द्र पाटुन्दिया, बाबू सूर्यवंशी, दिलीप, भीम घारू, राधेश्याम भिमोदिया, रवि, इंदर चौहान, गणेश राम, कमल, युवराज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। आयोजन में युवा टीम का सराहनीय सहयोग रहा।

### वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि बिहार में सम्मानित



**कॉंटाफोड़।** बिहार राज्य की राजधानी पटना में बिहार साहित्य महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन संपन्न हुआ। प्रथम दिवस बिहार साहित्य महोत्सव का वैचारिक सत्र, काव्य गोष्ठी, ग़ज़ल पाठ, स्मारिका पुस्तक लोकार्पण, पुस्तक परिचर्चा एवं आंचलिक भाषाओं पर विचार विमर्श के साथ कार्यक्रम अध्यक्ष कमलकिशोर वर्मा, सचिव नसीम अख्तर व सीमा रानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस ग़ज़ल व दोहे की काव्य यात्रा पर वरिष्ठ साहित्यकार, शिक्षाविद् व समीक्षक भगवतीप्रसाद द्विवेदी, डॉ. ,संजय पंकज व डां सुनील कुमार द्वारा विस्तार से प्रकाश डाला गया। पश्चात बिहार साहित्य महोत्सव में लघुकथा, ग़ज़ल व कविताओं के रचनाकारों का काव्य पाठ आमंत्रित वरिष्ठ साहित्यकारों व समीक्षकों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। बिहार साहित्य महोत्सव व सम्मान समारोह में नगर के साहित्यकार एवं कवि सुन्दर जायसवाल को एस.एम.परवेज आलम अपर सचिव सह निदेशक मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ( राज भाषा बिहार ) द्वारा शाल मोमेंटो व सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही मध्यप्रदेश से सुरेश सोनपुरे अजनबी भोपाल व कमलेश शर्मा कमल सिहोर को भी सम्मानित किया गया।

### अ.भा. कायस्थ महासभा का हल्दी कंकू का आयोजन



**देवास।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा देवास की महिला प्रकोष्ठ द्वारा हल्दी कंकू का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला शहर अध्यक्ष निकिता निगम ने बताया कि कार्यक्रम की संयोजिका शशी खरे महिला प्रदेश उपाध्यक्ष के निवास स्थान पर देवास जिले की चित्रांश बहनों ने मिलकर हल्दी कंकु का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम महिला कार्यकारिणी ने महिलाओं से संबंधित सामाजिक विषयों पर चर्चा की एवं पूरे वर्ष के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई साथ ही वर्ष 20 26 की नई बीसी के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी चित्रांश बहनों ने वर्ष के कार्यक्रमों को वार्षिक कैलेंडर के रूप में तैयार करने की सहमति दी। जिला एवं शहर कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा नवनिर्मित चित्रगुप्त वाटिका के निर्माण को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करने के लिए सभी से अधिक से अधिक तन, मन और धन से सहयोग प्रदान करने की अपील की गईं कार्यक्रम में सभी चित्रांश बहनों ने एक दूसरे को तिलक लगाकर सुहाग की सामग्री प्रदान की एवं कई मनोरंजक कार्यक्रम संगीत एवं नृत्य के साथ प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शिमला श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव, संगठन सचिव लीला सक्सेना,कार्यकारिणी सदस्य रेखा भटनागर, विद्या निगम, वरिष्ठ सलाहकार स्वाति श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, शिखा सक्सेना एवं शहर कार्यकारिणी की सचिव रश्मि श्रीवास्तव, सांस्कृतिक सचिव जय निगम, कार्यकारिणी सदस्य कविता श्रीवास्तव,रश्मि सक्सैना, उन्नति श्रीवास्तव ,मीरा खरे, अलका निगम, अनीता आदि उपस्थित रही। कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार के साथ किया गया। समस्त चित्रांश बहनों का आभार शशि खरे प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा मना गया।

### सृष्टि ने खेलो एमपी यूथ गेम्स् इंदौर में दिखाया हुनर



**देवास।** 26 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित खेलो एमपी युथ गेमस इंदौर में छात्रा सृष्टि वर्मा पिता सत्यनारायण वर्मा ने स्विमिंग प्रतियोगिता में 100 मीटर बटर फ्लाई में सिल्वर पदक, 200 मीटर फीस्टाइल में सिल्वर पदक एवं 200 मीटर बटरफ्लाई में ब्रॉन्ज पदक प्राप्त किया। यह उपलब्धि न केवल सृष्टि वर्मा के लिए बल्कि पूरे मध्य प्रदेश एवं किंडर स्कूल परिवार के लिए गर्व का विषय है। किंडल स्कूल के शिक्षकों और छात्रों ने सृष्टि वर्मा को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके मेहनत और लगन का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने भी सृष्टि वर्मा को शुभकामनाएं प्रेषित की। एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

### संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाई



**देवास।** रविदास नगर आज संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके मंदिर निर्माण का भी नागरिकों के सहयोग से निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद देवास द्वारा भी संत शिरोमणि की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर प्रांतीय सचिव मदन लाल जेठवा,अध्यक्ष आत्माराम परिहार, बद्रीलाल परमार, गोवर्धनलाल मालवीय, राधेश्याम सूर्यवंशी, भेरूलाल पंचोली, अशोक परमार, बद्रीलाल परमार, अरविंद परमार, आयुष झगरला, अश्विन परमार, धर्मेंद्र झगरला, संजय बजरिया, मोहन परिहार, राकेश गोस्वामी एवं कालोनी के नागरिक उपस्थित थे।

# जिला अस्पताल में डॉक्टर व पति पर मारपीट के आरोप

**कार से टकराई बाइक जमकर हुआ हंगामा**



**देवास।** शहर के एमजी चौराहे परकार और बाइक की टक्कर के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि मामला जिला अस्पताल तक पहुंच गया। यहां पदस्थ एक डॉक्टर और उनके पति पर दो महिलाओं के साथ मारपीट करने के गंभीर आरोप लगे हैं। घटना के बाद जिला अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा हुआ, वहीं भारी संख्या में भाजपा नेता भी मौके पर पहुंच गए।

पीड़ित महिलाओं ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि वे बाइक से एमजी चौराहे की ओर जा रही थीं, तभी अचानक एक कार का गेट खुल गया, जिससे उनकी बाइक सीधे कार के गेट से टकरा गई और वे सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में दोनों महिलाएं घायल हो गईं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद वहां पदस्थ डॉक्टर और उनके पति ने दोनों महिलाओं के साथ जमकर मारपीट की। इस घटना से आक्रोशित महिलाओं के परिजन और परिचित बड़ी संख्या में जिला अस्पताल पहुंचे और सिविल सर्जन के केबिन के बाहर जमकर नारेबाजी करते हुए हंगामा किया।सूचना मिलने पर भाजपा नेता भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी डॉक्टर व उनके पति को थाने ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित महिलाओं की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। फिलहाल अस्पताल परिसर में पुलिस बल तैनात कर स्थिति को नियंत्रित किया गया।

## दीप जलाकर मनाई संत रविदास जयंती



**देवास।** गोमतेश्वर महादेव मंदिर गोमती नगर में संत शिरोमणि रविदास महाराज की 649वीं जयंती के अवसर पर दीपक उत्सव मनाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा दीपक प्रज्ज्वलित किए गए।

इस अवसर पर यशवंत तिवारी ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने भी सामाजिक समरसता के कार्य पर सदैव जोर दिया। सभी सनातनी उनके विचार मन चंगा तो कटौती में गंगा पर पूरी श्रद्धा रखते हैं। वर्तमान समय के चुनौतीपूर्ण वातावरण में रविदास के विचार और भी प्रासंगिक है।

## गायत्री परिवार ने किया प्रतिभाओं का सम्मान



**सोनकच्छ।** संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा द्वारा प्रतिभाओं व समाजसेवियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गायत्री परिवार के तहसील समन्वयक सतीशचंद्र तिवारी, विशेष अतिथि शिवनारायण शर्मा, अमरसिंह मालवीय, इंद्रकुमार शर्मा एवं अध्यक्षता गायत्री परिवार के संरक्षक सौभागसिंह ठाकुर ने की। कार्यक्रम में हिमांशु खैरवाल, पूनम बामनिया, सुमित बामनिया, अनुष्का बामनिया, मुस्कान गौड़, समाजसेवी बापूलाल, रमेशचंद्र करवाडिया ,निलेश चौहान का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

संचालन हेमराज व आभार प्रदर्शन गोकुल प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवक गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन एवं रविदास समाज के सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## डॉ . नेहा आनंद बनीं इंडियन डेंटल एसोसिएशन की अध्यक्ष

**स्थापना समारोह एवं दंत व्याख्यान का आयोजन**



**देवास।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) देवास शाखा के सत्र 2026-27 का स्थापना समारोह एवं दंत व्याख्यान शनिवार, दिनांक 31 जनवरी को आयोजित किया गया। समारोह में पूर्व अध्यक्ष डॉ. वकार अहमद ने डॉ. नेहा आनंद को नए सत्र के लिए शाखा अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर भोपाल से पधारे डॉ. विप्लव जोशी ने दंत चिकित्सा एवं कानून विषय पर व्याख्यान दिया। शाखा सचिव डॉ. निष्ठा जैन के संचालन में सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक रहे। विशेष अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश इंडियन डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जी. डी. अवधिया एवं डॉ. राजीव श्रीवास्तव उपस्थित रहे। पूर्व अध्यक्ष डॉ. वकार अहमद ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए सहयोगियों के योगदान की सराहना की। नव-निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. नेहा आनंद ने देवास शाखा के भविष्य के प्रयासों में विश्वास जताते हुए शाखा की प्रगति की सराहना की। व्याख्यान में डॉ. विप्लव जोशी ने दंत चिकित्सकों द्वारा जाने-अनजाने में होने वाली कानूनी त्रुटियों पर प्रकाश डालते हुए उनसे बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में डॉ. नितिन मुंगी, डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव, डॉ. वरुण आनंद, डॉ. वरुण त्रिपाठी, डॉ. अंकित अग्रवाल, डॉ. अशोक सेंधव, डॉ. राहुल राठौर, डॉ. यशस्विनी चौधरी, डॉ. चेतना जायसवाल, डॉ. तौसीफ शेख, डॉ. रोहित यादव, डॉ. वसीम पठान, डॉ. शमा पठान, डॉ. शेनिला कुरैशी, डॉ. तंज़िला कुरैशी, डॉ. विष्णु जायसवाल, डॉ. किरण मिश्रा, डॉ. राहुल श्रीवास्तव, डॉ. गजाला परवीन, डॉ. अरुण परमार, डॉ. चेतन जोशी, डॉ. राजसी केलकर, डॉ. अभिराज सोनी, डॉ. वैदिक पटेल एवं मानस वर्मा उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन डॉ. अभिषेक सोनी ने किया।

## माता पिता व ममेरे भाई पर हमला करने वाला युवक गिरफ्तार



**सोनकच्छ।** गंधर्वपुरी गांव में नशेड़ी युवक ने उसके माता पिता व ममेरे भाई को कुल्हाड़ी व दरांते से हमला कर घायल कर दिया था। जिनका उपचार कर डॉक्टर ने उन्हें गंभीर स्थिति देख देवास जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। पुलिस ने देहाती नालसी पर जानलेवा हमले की धाराओ में केस दर्ज कर दिया था। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए रातभर जंगल सहित अन्य स्थलों पर सर्चिंग की। 12 घंटे में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। टीआई अजय गुर्जर ने बताया कि, देवास एसपी पुनीत गेहलोद व एसडीओपी दीपा मांडवे के निर्देश पर 19 पुलिस अधिकारी कर्मचारियों का दल गठित किया। आरोपी अर्जुन कुशवाह जो कि नशे का आदी है। जो कि हाथ में कुल्हाड़ी व दरांते लेकर घूम रहा है। ऐसा अंदेशा था कि वह ओर लोगों को मार सकता है। जिसके कारण और किसी को नुकसान न हो इसलिए रातभर सर्चिंग अभियान चलाया। आरोपी कुशवाह को गंधर्वपुरी व गढ़खजुरिया के जंगल से हथियार सहित गिरफ्तार लर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं आरोपी कुशवाह ने पुलिस पर हमले का प्रयास किया जिसमें कुछ पुलिसकर्मी घायल होते होते बचे।

## देवास के खिलाड़ियों का चयन एशियन जूनियर भारतीय सॉफ्ट टेनिस टीम में




**देवास।** विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते ने बताया कि लुधियाना, पंजाब में 3 फरवरी से 8 फरवरी तक होने जा रही 2 री एशियन जूनियर सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता आयुवर्ग 15, 18, 21 बालक/बालिका में देवास के 21 आयुवर्ग में अनुष्का दवंडे, अंशिका कनोजियो, लैश्राम लिंडा, 18 वर्ष आयु समूह में निपुण संगते ,आदित्य बालोदिया,रोशन मुकाती,समर्थ भार्गव,वैष्णवी रघुवंशी,जयश उपाध्य,हिमांशु शर्मा खिलाड़ियों के चयन पर मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ की अध्यक्ष डॉ आयुषी देशमुख, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ की सचिव माया सांगते, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव, देवास जिला सॉफ्टटेनिस के अध्यक्ष महेश चौहान, प्रदेश संघ की उपाध्यक्ष डॉ समीरा नईम, खेलगुरु राधेश्याम सोलंकी, श्रीकांत उपाध्याय, हेमेन्द्र निगम काकू, मनीष जायसवाल, प्रवीण सांगते, कोच गौरव कदम ,कोच प्रीति पंवार ,कमल सिंह,आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## गोल्ड लोन के नाम पर धोखाधड़ी

**पांच वर्ष का कारावास और दो लाख रूपये अर्थदंड**

**देवास।** ऑपरेशन संकल्प के तहत 24.07.2021 को थाना कोतवाली पर शासन तर्फ पुलिस द्वारा आरोपी शैलेंद्र शर्मा पिता गणेश शर्मा उम्र 32 साल निवासी 20/4 24 सम्यक बिहार देवास , प्रमोद चौधरी पिता स्वर्गीय नंदकिशोर चौधरी उम्र 32 साल निवासी 54 जय श्रीनगर देवास थाना सिविल लाइन देवास, महेंद्र पिता नारायण सिंह पटेल उम्र 32 साल निवासी 46 बालाजी नगर देवास हाल मुकाम वैशाली एवेन्यू देवास, फाल्गुनी पिता चिंतामणि कश्यप उम्र 30 वर्ष निवासी सनराइज सिटी टू नागझरी उज्जैन के द्वारा एचडीएफसी फायनेंस प्रा.लि. के अन्दर गोल्ड लोन के नामपर धोखाधड़ी की गई। जिस पर से आरोपियो के विरुद्ध थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 567/2021 दिनांक 24.07.2021 धारा 420, 409, 467, 468, 471, 120 बी भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह ठाकुर के द्वारा की जाकर दिनांक 13.06.2023 को आरोपियों को गिरफ्तार किया गया ।दिनांक 18.10.2023 को प्रकरण का चालान माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

विवेचना के फलस्वरूप माननीय तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री राजेंद्र कुमार पाटीदार न्यायालय देवास ने आरोपियों को आपराधिक षड़यंत्र कर एचडीएफसी फायनेंस प्रा.लि. की नियस्त राशि का दुर्विनियोग कर आपराधिक न्यास भंग करने के संबंध में 05-05 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2,00,000/- के अर्थदण्डसे दण्डित किया गया है ।

## संस्कारों से समाज व राष्ट्र का नाम गौरवान्वित होता है :मानधन्या



**सतवास।** उत्सव मनाने से ही खुशी आती है, संस्कारो से प्रेरित प्रेरणा उत्सव से ही अपने माता-पिता, परिजन, गुरू को खुशी तो होती ही है वही समाज व राष्ट्र का नाम गौरवान्वित होता है। संस्कारो से प्रेरित प्रेरणा से ही छोटे उसका अनुशरण करते है। सांदीपनी शाउमावि सतवास मे प्रेरणा उत्सव पर आयोजित विचार गोष्ठी पर प्रभारी प्राचार्य सुभाष मानधन्या ने बच्चों को प्रेरणा का अर्थ समझाया। मानधन्या ने कहा कि संस्कारो पर आधारित कार्यक्रम निश्चित ही युवाओं को प्रेरित करेगा। संस्था के प्रेरणा उत्सव प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि प्रेरणा उत्सव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की आधारशिला है। इसमे नौ विषय का समायोजन है। स्वाभिमान और विनय, शौर्य और साहस, परिश्रम और समर्पण, करूणा और सेवा, विविधता और एकता, सत्यनिष्ठ और सुचिता, नवाचार और जिज्ञासा, श्रद्धा और विश्वास तथा स्वतंत्रता और कर्तव्य विषय का कार्यक्रम है। उक्त 9 सकारात्मक प्रेरणास्प्रद विचारो से युवा का जीवन निखरता है। प्रेरणा का पाठ्यक्रम आयआयटी गॉधीनगर द्वारा तैयार किया गया है। प्रेरणा: एक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम है। इसका लक्ष्य सभी मे सार्थक व अद्वितीय प्रेरणादायक अनुभव प्रदान करना है। बच्चों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बच्चों ने निबंध, कविता, एवं पोस्टर प्रदर्शनी मे हिस्सा लिया। संस्था के शिक्षक सुरेश रानिया, गणेश धुर्वे, अशोक शर्मा, प्रदीप गोयल, मनोज राठौर, विरेंद्र अहिरवाल, हसिम खान, सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे। मनोज दुबे ने सभी का आभार माना

## हायर पेंशन को लेकर बैठक संपन्न

**देवास।** श्रमिक समस्या समाधान केंद्र, 162-ए कॉलोनी बाग पर हायर पेंशन से संबंधित विषय को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

इंटक जिला अध्यक्ष महेश राजपूत ने बताया कि बैठक में हायर पेंशन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं तथा न्यायालय में लंबित प्रकरणों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। साथ ही भविष्य की रणनीति को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ श्रम अधिवक्ता (लेबर) बाबूलाल नागर ने हायर पेंशन से जुड़े कानूनी पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में विभिन्न कंपनियों के श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी-अपनी समस्याएँ एवं सुझाव सामने रखे। बैठक का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के हित में ठोस समाधान निकालना तथा आगामी कार्ययोजना को प्रभावी रूप से लागू करना रहा।

**एक नजर** — सिवरेज कनेक्शन की राशि नही वसुलने पर स्वच्छता निरीक्षकों पर अप्रसन्नता व्यक्त की

# समयावधि पत्रों की समीक्षा कर निगम आयुक्त ने दिए दिशा निर्देश

**देवास।** टी.एल. समयावधि पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा 2 फरवरी सोमवार को आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा निगम अधिकारियों के साथ की गई।

टी.एल. समीक्षा के दौरान आयुक्त नें विगत सप्ताह टी.एल. के निराकरणों के दिये गये निर्देशों में एल.टी.एवं एच.टी. कनेक्शन एवं पॉवर प्लांटों की दक्षता को चेक की जाने की जानकारी ली। जिसमें उपयंत्रियों को 65 प्रतिशत की दक्षता को मेन्टेन करने तथा इसमें ओर सुधार करने हेतु कहा।

गार्डनों एवं सार्वजनकि स्थानों पर चल रहे नलकूपों को मेन्टेन के साथ बिजली की खपत कम होने के लिये समय समय पर नलकूपों को चलायें साथ ही ऐसे बोरिंग जो बार बार आपरेट हो रहे है उन स्थानों पर पानी की टंकी रखने के प्रस्ताव दिये जाने हेतु संबंधित उपयंत्री को कहा। साथ हीआयुक्त ने विगत महिनों के विद्युत खपत के बिलों की राशि भी चेक की। सड़क निर्माण मे डामर एवं सिमेंट कांक्रीट से चल रहे कार्यों को स्वंय उपयंत्री मौके पर खड़े रहकर कार्य करायेंगें। साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुये पूर्व में किये गये डामरीकरण सी.सी. डेमेज सडकों पर पुनरू सुधार कार्य करवायें, सुधार कार्य नही होने की दशा मे संबंधित ठेकेदार/फर्म को ब्लेक लिस्टेड करने की कार्यवाही प्रस्तावित हेतु संबंधित अधिकारी को कहा कहा। लोक निर्माण विभाग उपयंत्रियों द्वारा कम्पांउडिंग के संबंध में दिये गये लक्ष्य अनूरूप कार्य नहीं होने पर आयुक्त ने चेतावनी देते हुये कार्य मे प्रगति लाने को कहा। मुख्य मार्ग एवं एबी रोड़ पर निर्मित मल्टीयों भवनों व मॉल में पार्किंग की जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर वार्ड उपयंत्रियों को सूचना पत्र देने के साथ जिन मॉल, कम्पलेक्स, मल्टीयों मे पर्किंग के साथ दुकाने भी संचालित है उनको अंतिम सूचना पत्र दें, समयावधि पश्चात दुकाने सील करने की कार्यवाही करने हेतु कहा। जिन वार्डो में सिवरेज कनेक्शन नागरिकों द्वारा करा लिये हैं उनका रजिस्ट्रेशन करने के साथ ही कनेक्शन राशि जमा नहीं कराने पर स्वच्छता निरीक्षको को पुन लक्ष्य अनुरूप 7 दिवस में वसुली नहीं करने पर कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिये। अवैध रूप से निर्माण की जा रही 2016 के बाद की कालोनियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश आयुक्त ने प्र. सहायक यंत्री मुशाहीद हन्फी को दिये। उपायुक्त जाकिर जाफरी को ई केवाईसी के लक्ष्य को पूर्ण करने तथा पीएम स्वनिधि के अन्तर्गत जमा हो रहे फार्म के साथ वार्डों में चल रहे केम्प में प्राप्त फार्मों की जांच एवं कार्यों पर फोकस करने हेतु कहा।



### एबी रोड़ एवं मेन सड़कों पर अब नहीं लगेंगे ठेले

आयुक्त दलीप कुमार ने मुख्य मार्गों पर अस्थाई अतिक्रमण कर जगह जगह ठेले लगा कर मार्ग अवरुद्ध करने वाले छोटे व्यवसायक (ठेले वालों) को स्थानांन्तरित गंगा नगर स्थित शरदा माता मंदिर के पीछे निगम की खाली भूमि पर करने के निर्देश दिये ।